हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 4 अप्रैल 2026

11 संस्कारम विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कृषि वेटरनरी महासम्मेलन...



12 तेज हवाओं के साथ आई हल्की बारिश ने किसानों...






## खबर संक्षेप

### नंदीशाला में चौथा वार्षिक श्याम संकीर्तन आज

**बहादुरगढ़।** अंबेडकर स्टेडियम के नजदीक स्थित नंदीशाला में शनिवार 4 अप्रैल को चतुर्थ वार्षिक श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। गीताज्ञानेश्वर डॉ. स्वामी दिव्यांनन्द जी महाराज भिक्षु के पावन सानिध्य में शाम 5 बजे से प्रभु इच्छा तक संकीर्तन चलेगा। प्रसाद सेवा रात्रि 8 बजे शुरू होगी। मांगे राम अत्री, हेमंत ठाकुर, सोनू सिंगला, गौरव गर्ग, सुरेंद्र पंकज व पंडित देव परासर आदि श्याम बाबा का गुणगान करेंगे।

### सराय में कबड्डी नर्सरी के ट्रायल कल

**बहादुरगढ़।** गांव सराय औरंगाबाद की व्यायामशाला में लड़कियों की कबड्डी नर्सरी शुरू हो रही है। सरपंच राकेश राठी ने बताया कि इसके लिए 8 से 19 वर्ष के इच्छुक खिलाड़ी रविवार 5 अप्रैल को सुबह 8 बजे माउंट व्यू स्कूल के ग्राउंड में ट्रायल दे सकते हैं।

### सीएम से मिलकर जताया आभार

**बहादुरगढ़।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, यशपाल हिंदुस्तानी, कुलदीप खन्ना व शकुंतला आदि ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर बुजुर्गों के सम्मान और कल्याण के लिए किए गए कार्यों पर आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से बुजुर्गों की पेंशन में बढ़ोतरी के निर्णय को सराहा।

### विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** हैप्पी चाइल्ड स्कूल में शुक्रवार को पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी सतीश कुमार व नशा मुक्ति टीम ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों, नशे के दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम और डायल 112 के उपयोग के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। ड्राइविंग करते वक्त मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। नशे से भी दूर रहना चाहिए। साथ ही साइबर ठगी से बचने के लिए ओटीपी व बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई। आपात स्थिति में डायल 112 का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

### 14 को मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

**बहादुरगढ़।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार 14 अप्रैल को लाइनपार स्थित आंबेडकर भवन में धूमधाम से मनाई जाएगी। सभा प्रधान उमेद सिंह ने बताया कि इसमें सांसद दीपेंद्र हुड्डा मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान नवीन कुमार के नेतृत्व में रोड शो निकाला जाएगा। यूपीएससी में उत्तीर्ण हुई मानसी को भी सम्मानित किया जाएगा।

---

### चेयरमैन ने किया अनाज मंडी का औचक निरीक्षण

# किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा: कौशिक

**चेयरमैन ने अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया पारदर्शी व सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को परेशानी न हो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मार्केट कमेटी के चेयरमैन विनोद कौशिक ने शुक्रवार को अनाज मंडी का निरीक्षण किया। मंडी में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया पारदर्शी व सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को परेशानी न हो। गेहूं की फसल लेकर मंडी में पहुंचे किसानों का मुंह भी मीठा कराया।

कौशिक ने आश्वासन दिया कि मंडी में आने वाले प्रत्येक किसान की फसल का एक एक दाना खरीदा जाएगा और किसी को उपज बेचने में दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर और साफ करके ही मंडी में लाएं, जिससे खरीद में आसानी हो। मंडी सचिव ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, बिजली आपूर्ति, फसल उठान और सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, दलजीत दलाल, राजू जून लोवा और नवीन गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। गेहूं खरीद प्रक्रिया के शुभारंभ पर मौजूद चेयरमैन, किसान व अन्य।

#### किसानों के लिए परेशानी बने नए नियम

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल और सचिव जयकरण मांडौठी ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार द्वारा रबी फसलों की खरीद के लिए बनाए गए नये नियम किसानों के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। सरकार ने फसलों की खरीद के लिए ऑनलाइन पोर्टल पंजीकरण, ट्रैक्टर व ट्राली पर नंबर प्लेट, किसान की बायोमेट्रिक जांच या पहचान, ओटीपी व फोटो आदि अनिवार्य कर दिए हैं। एक तरफ सर्वर ठप होने के कारण बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाले ट्रैक्टरों की एंट्री बंद है। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल से डेटा मैच नहीं होने पर किसानों को वापस भेजा जा रहा है। ऐसे में अनेक किसान एमएसपी पर अपनी फसल नहीं बेच पाएंगे। सरकार उनकी परेशानियों का समाधान नहीं कर रही हैं। सरकार फसल खरीद पर लगाए गए नये नियमों व शर्तों को वापस ले तथा अपने वादे अनुसार किसानों का हर दाना एमएसपी पर खरीदे।

#### गेहूं की फसल का मात्र एक गेट पास कटा

*शहर की अनाज मंडी में सरसों की खरीद जारी है। हालांकि निजी आढ़तियों द्वारा ही सरसों खरीदी जा रही है। वहीं दूसरी तरफ शुक्रवार को मात्र 50 क्विंटल ही गेहूं की फसल आई। जिसमें से 48 क्विंटल की खरीद की गई। गत 28 मार्च को सरसों की सरकारी खरीद शुरू हुई थी। मंडी में सरसों लेकर किसान आ तो रहे हैं लेकिन सरकारी खरीद अभी तक नहीं हो सकी है। दरअसल, सरसों का एमएसपी 6200 रुपये तय किया गया है। जबकि प्राइवेट आढ़ती 6300 से 6500 तक सरसों खरीद रहे हैं। इसलिए किसान भी सरकार के बजाय निजी आढ़तियों का रुख कर रहे हैं। उधर, गेहूं की सरकारी खरीद की तिथि भी एक अप्रैल निर्धारित थी। तीसरे दिन शुक्रवार को मात्र एक गेट पास कटा और कुल 50 क्विंटल गेहूं की फसल आई। जिसमें से 48 क्विंटल की खरीद हो गई। अभी खेतों में गेहूं की फसल में नमी है। लिहाजा सप्ताहभर बाद मंडियों में फसल की आवक बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, मार्केट कमेटी की ओर से भी तमाम तैयारियां की गई है।*



बहादुरगढ़। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

# गोपाल कटारिया बने संघ के जिला अध्यक्ष

**बीएसएनएल का एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ का हुआ दो दिवसीय जिला सम्मेलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बीएसएनएल का एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ का दो दिवसीय जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान संघ के जिला चुनाव भी संपन्न हुए। गोपाल कटारिया को जिला अध्यक्ष तथा अतिंद्र कुमार को जिला सचिव निर्वाचित किया गया।

उन्होंने कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष विजेंद्र बडगुजर ने शिरकत की। उन्होंने कर्मचारियों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, संगठित होकर कार्य करने तथा समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में आईटीएस महाप्रबंधक इसरार अहमद ने कर्मचारियों के कल्याण एवं संगठन की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को विजय पाल, मनीष गौतम, विजेंद्र सिंह व सूरजमल आदि ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती एवं एकजुट रहने का आह्वान किया। सम्मेलन का संचालन राजेश अलवरिया ने किया। सम्मेलन के दौरान कर्मचारियों के हितों, सेवा शर्तों एवं संगठनात्मक सुदृढ़ता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।



बहादुरगढ़। सड़क निर्माण का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून। फोटो: हरिभूमि

# एक करोड़ रुपये में बनेगी निलोठी-कुलासी सड़क

**विधायक ने नारियल फोड़कर किया सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने शुक्रवार को निलोठी से कुलासी तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस सड़क के निर्माण पर करीब एक करोड़ रुपए की लागत आएगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

ग्रामवासियों द्वारा किए गए स्वागत के उपरांत विधायक राजेश जून ने बताया कि निलोठी से कुलासी तक सड़क निर्माण की मांग काफी समय से की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सड़क मार्केटिंग बोर्ड के माध्यम से बनाई जा रही है और इसके बनने से आसपास के गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि हलके की लगभग 90 प्रतिशत सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष सड़कों को भी जल्द ही नया बनवा दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों व ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और टेंडर में निर्धारित मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बहादुरगढ़ में विकास कार्यों की गति रफ्तार तेज हुई है।

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** स्पेशल स्टॉफ की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टॉफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना बेरी क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि जतिन निवासी दूबलधन जिला झज्जर अवैध हथियार लिए हुए बारसल वाली नहर के पुल पर खड़ा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए मुख्य सिपाही अमित कुमार की टीम मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर एक युवक को पकड़ते हुए उसकी तलाशी ली। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद हुआ। आरोपी की पहचान जतिन निवासी दूबलधन के तौर पर की गई। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी के निकट खेतों में पेड़ पर एक युवक का शव लटका हुआ मिला। युवक द्वारा आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस मामले में कार्रवाई करेगी। शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। मृतक की पहचान करीब 30 वर्षीय खिल्लू के रूप में हुई है। वह मूलतः मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से था। पिछले कुछ समय से यहां बहादुरगढ़ इलाके में रहकर दिहाड़ी मजदूरी कर रहा था। शुक्रवार की सुबह किसी राहगीर की नजर पेड़ पर लटके शव पर गई। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

# भारतीय पैरा पावरलिफ्टिंग टीम को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एशिया ओशिनिया ओपन पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेने जा रही भारतीय पैरा पावरलिफ्टिंग टीम को भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने भी शुभकामनाएं दी। दिल्ली के एक होटल में हुए कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग व राज्यसभा सांसद शुभाशीष खुंटिया ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दी।

भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और उम्मीद जताई कि भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन करेगी।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले के साथ डॉ. पंकज जैन। फोटो: हरिभूमि

खिलाड़ियों ने भी आत्मविश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन का भरोसा दिलाया। मौके पर ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वाइस चेयरमैन समीप शास्त्री, पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन सत्यानारायण, पैरा पावरलिफ्टिंग के चेयरमैन जेपी सिंह, एसपी सांगवान, आल इंडिया पैरा ओलंपिक के प्रेजिडेंट गौरव बेदी, महासचिव जयवंत जीएच, कोषाध्यक्ष सुनील प्रधान, ईशदा चौधरी, डॉ. नरेंद्र, शुभम चौधरी, योगेश आदि मौजूद रहे।

### जाखौदा स्कूल में यज्ञ से शुरू हुआ नया सत्र

**बहादुरगढ़।** गांव जाखौदा के राजकीय उच्च विद्यालय जाखोदा में नव शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक यज्ञ से किया गया। यज्ञ का आयोजन विद्यालय स्टाफ द्वारा किया गया। यज्ञ का संचालन आर्य रमेश चंद्र रूहिल द्वारा किया गया। यज्ञमान मुख्याध्यापक ऋषि कुमार सहरावत रहे। सभी स्टाफ सदस्यों ने यज्ञ में आहुति दी व सभी विद्यार्थी यज्ञ में शामिल हुए। आर्य रमेश चंद्र रूहिल ने विद्यार्थियों को यज्ञ के वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझाते हुए आर्य पथ पर चलने का आह्वान किया। रीना ने सभी का धन्यवाद किया।



बहादुरगढ़। जाखौदा स्कूल में हुए यज्ञ में आहुति डालते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। बुपनिया स्कूल में विद्यार्थियों का स्वागत करती रेखा रानी व अन्य।

### बुपनिया में मनाया प्रवेश उत्सव

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय इंचार्ज रेखा रानी ने कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों का कक्षा छठी में फूल माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय की मुख्य अध्यापिका सरोज, रीना, नरेंद्र, दीपिका, शिवाती, रजनीश, सुमन, निशा, दयानंद, फूल कुमार, जसवंत व अंकित आदि ने सहयोग किया।

### कलस्टर मुखियाओं को 6 अप्रैल तक देनी होगी रिपोर्ट

**बहादुरगढ़।** अभिभावकों की ओर से अक्सर निजी स्कूलों में महंगी किताब मनमानी दुकान से खरीदने का दबाव बनाने तथा वर्दी बदलने आदि की शिकायतें की जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग की ओर से लगातार दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। हाल ही में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की ओर से तमाम खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर दिशा निर्देश जारी किए गए थे। इन निर्देशों में कहा गया कि निजी विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थी को अनुसंशित दुकान से पुस्तकें, कार्य पुस्तिकाएं, लेखन सामग्री, जूते मौजे व वर्दी आदि खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। कोई भी निजी स्कूल पांच वर्षों से पूर्व निर्धारित वर्दी में बदलाव नहीं कर सकता। खंड शिक्षा अधिकारी अपने अपने अपने खंड में कमेटियां बनाकर सभी निजी स्कूलों का निरीक्षण कर तीन दिन में रिपोर्ट पेश करें। इसी क्रम में अब खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह की ओर से बहादुरगढ़ ब्लॉक के कलस्टर मुखियाओं को पत्र लिखकर मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कहा गया है कि हरियाणा स्कूल एजुकेशन रूल्स 2003 के तहत तमाम कलस्टर मुखिया अपने क्षेत्र में मौजूद निजी स्कूलों में जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। छह अप्रैल तक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं कि स्कूलों में निर्देशों की अवहेलना नहीं हो रही है। यदि कोई नियमों को नहीं मान रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

- विद्यार्थियों को किताबें, ड्रेस आदि के लिए बाध्य करने वालों पर होगी कार्रवाई

# डीएमसी ने वार्ड-18 में चल रहे मरम्मत कार्य जांचे



बहादुरगढ़। वार्ड-18 में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते डीएमसी अभिनव सिवाच। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

डीएमसी अभिनव सिवाच ने शुक्रवार को शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से वार्ड नंबर-18 में चल रहे मेंटेनेंस कार्यों की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के दौरान डीएमसी अभिनव सिवाच ने नप अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय समय पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि कार्य स्थल पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

डीएमसी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से कार्यों की मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे।

# घरेलू गैस सिलेंडर का कर्मिशयल प्रयोग करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश

**डीसी ने डीलरों के साथ एलपीजी पेट्रो पदार्थों की स्थिति की समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति तथा उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों व डीलरों के साथ एलपीजी गैस, पेट्रो पदार्थों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि केवल वास्तविक उपभोक्ता को ही गैस की सप्लाई सुनिश्चित की जाए। वहीं संबंधित अधिकारी जिला में यह सुनिश्चित करें कि घरेलू गैस का कहीं भी कोई कमर्शियल प्रयोग तो नहीं किया जा रहा है। ऐसे व्यक्तियों और दुकानदारों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने सभी एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि जिले में एलपीजी की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रखें तथा उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें।




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल।

#### गैस की कमी पर चिंता जताई

**बहादुरगढ़।** युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सिकंदर ने क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कमी पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि लोगों को गैस के लिए लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है, जबकि बुकिंग के बाद कई कई दिन इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमत 900 रुपये से अधिक होने से आम परिवारों का बजट भी प्रभावित हो रहा है। इन हालातों का सबसे बड़ा असर दुकानदारों, होटल ढाबा संचालकों तथा मजदूरों को हो रहा है। सिकंदर ने सरकार पर जनसमस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया और कहा कि गैस की आपूर्ति सुचारु की जाए, कीमतों में राहत दी जाए तथा डिलीवरी व्यवस्था में सुधार किया जाए।



### स्कूलों में एडमिशन से वंचित स्ट्रीट चिल्ड्रन को यहां दी जाएगी अनौपचारिक शिक्षा

# गांव कसार में सतरंगी बाल वाटिका शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शुक्रवार को गांव कसार में सतरंगी बाल वाटिका का शुभारंभ हुआ। स्कूलों में औपचारिक प्रवेश प्राप्त करने में अक्षम स्ट्रीट चिल्ड्रन को इस वाटिका में अनौपचारिक शिक्षा दी जाएगी। सरपंच टोनी कुमार ने जनता जनार्दन लाइब्रेरी में इस वाटिका का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति प्रधान धनराज तहलान ने की। इस अवसर पर सेव एजुकेशन कमेटी की सचिव शारदा दीक्षित मुख्य वक्ता रही। ग्रामीण रिसाल सिंह, प्रेमचंद व राजेश ने संस्था को हर संभव सहयोग देने का आवश्वासन दिया। सतरंगी बाल वाटिका में पढ़ने के इच्छुक बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। इन्हें अनौपचारिक शिक्षा देने में गुंजन भी अपनी सेवा देंगी।

इस मौके पर रिटायर्ड प्रोफेसर हिम्मत सिंह, सरोज, जयपाल सांगवान, सतवीर सिंह व सुमेश कौशिक ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए इनके सुखद व शिक्षित भविष्य की मंगलकामना की। आयोजन में लाइब्रेरी के विद्यार्थी लक्ष्मण, हर्ष, अरूण, शुभम व रेखा ने सहयोग किया।

धनराज तहलान व सतवीर सिंह ने बताया कि कई बच्चों के माता-पिता के पास परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र व स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र नहीं होता। वे काम पर चले जाते हैं तो पीछे से बच्चों को संभालने वाला कोई नहीं होता। ये बच्चे गलियों में घूमते रहते हैं। इनके भविष्य व शिक्षा की दिशा में संस्था का यह एक छोटा सा प्रयास है। सरकार, प्रशासन व शिक्षा विभाग का रवैया अनुचित है।




बहादुरगढ़। गांव कसार में सतरंगी बाल वाटिका का शुभारंभ करते सरपंच व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## स्वस्थ पशु ही स्वस्थ समाज की नींवः डॉ. एमएल मदान

# संस्कारम विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कृषि वेटरनरी महासम्मेलन का हुआ आगाज

- कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने बतौर मुख्यातिथि, जबकि पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने अध्यक्षता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन मुख्यातिथि, संस्कारम विश्वविद्यालय के चांसलर एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को संस्कारम विश्वविद्यालय में ग्लोबल इम्पैक्ट्स ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड वेटरनरी इनोवेशन्स विषय पर अंतरराष्ट्रीय कृषि-वेटरनरी महासम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन कृषि एवं पशु विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक नवाचारों, शोध प्रवृत्तियों और सतत विकास के नए आयामों को साझा करने का सशक्त मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा प्रगतिशील किसानों ने सहभागिता करते हुए अपने अनुभवों और शोध निष्कर्षों का आदान-प्रदान किया। सम्मेलन के अंतर्गत तकनीकी सत्र, शोध पत्रों की मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियां तथा विशेषज्ञों के प्रेरणादायक व्याख्यान आयोजित किए गए। जिससे प्रतिभागियों को नवीनतम वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक समाधान प्राप्त हुए। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने बतौर मुख्यातिथि, जबकि पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित डॉक्टर एम एल मदान ने कहा कि स्वस्थ पशु ही स्वस्थ समाज की नींव हैं। उन्होंने अच्छी नस्ल के पशुओं के संरक्षण और उनके स्वास्थ्य प्रबंधन पर बल देते हुए कहा कि हमें कृषि और पशुपालन से जुड़े होने पर गर्व महसूस करना चाहिए। वहीं विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि संस्कारम विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक उत्तरदायित्व का संगम बनकर उभर रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, शोध उद्यान, डेयरी यूनिट तथा फील्ड-आधारित प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है।

### मुर्रा नस्ल की भैंस को राज्य की पहचान बताया

उन्होंने हरियाणा की प्रसिद्ध मुर्रा नस्ल की भैंस को राज्य की पहचान बताते हुए उसके संरक्षण और संवर्धन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। वहीं थाईलैंड से आए विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सुथावत बेंजाकुल, डायरेक्टर, इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन सीफूड साइंस एंड इनोवेशन, सोंगक्ला यूनिवर्सिटी थाईलैंड ने कहा कि संस्कारम विश्वविद्यालय वैश्विक शोध और नवाचार का उभरता हुआ केंद्र है, जो अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अत्यंत उपयुक्त मंच प्रदान करता है। भारत और थाईलैंड के बीच कृषि एवं जलीय विज्ञान के क्षेत्र में साझेदारी नई संभावनाओं को जन्म दे सकती है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शोध-उन्मुख दृष्टि और आधुनिक अधोसंरचना की विशेष प्रशंसा की।

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए क्षय रोग उन्मूलन के लिए जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। टीबी उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित कैंप में स्वास्थ्य जांच करते हुए चिकित्सीय टीम। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोग के उन्मूलन के लिए विभिन्न गतिविधियों का प्रभावी रूप से संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत निक्षय शिविरों का आयोजन, टीबी मुक्त भारत अभियान, व्यापक स्क्रीनिंग पहल, जन-जागरूकता अभियान जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां निरंतर चलाई जा रही हैं। सिविल सर्जन डॉक्टर मंजु कादियान ने बताया कि शुक्रवार को अभियान के तहत स्थानीय अनाज मंडी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर गांव याकूबपुर, दरियापुर, पेलपा और सौंधी, गुरूकुल महाविद्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, खेड़ी जट्ट में कैंप लगाकर नागरिकों के हीमोग्लोबिन, शुगर जांच, एक्स-रे, बीपी आदि की जांच की गई तथा लोगों को टीबी व अन्य रोगों के बारे में जागरूक किया गया।

### 100 दिनों तक चलेगा अभियान

यह अभियान 100 दिनों तक चलेगा। यह विशेष अभियान उच्च जोखिम एवं संवेदनशील वर्गों पर केंद्रित है, जिनमें स्लम एरिया में रहने वाले लोग, प्रवासी श्रमिक, बुजुर्ग, कुपोषित व्यक्ति तथा पूर्व में टीबी से ग्रसित मरीज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर व्यापक स्क्रीनिंग के माध्यम से टीबी के संभावित रोगियों की शीघ्र पहचान करना तथा उन्हें समय पर उपचार से जोड़ना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लक्षणों की जांच, बलगम परीक्षण के लिए नमूना संग्रहण तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया जा रहा है।

## शिविर में ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

झज्जर। वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के गांव शेरिया में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों द्वारा सेवाएं दी गईं। शिविर में पहुंचे लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराते हुए सुविधा का लाभ उठाया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया। कैंप संचालक डॉक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल के संबंध में भी जानकारी दी गई।



## बायोमास बिजनेस पार्टनर मीट में आपूर्तिकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर की चर्चा


झज्जर। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। क्षेत्र के गांव झाड़ली स्थित एपीसीपीएल पावर प्लांट द्वारा बायोमास बिजनेस पार्टनर्स मीट का आयोजन किया गया। बायोमास आपूर्तिकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल, नए अनुबंधों की शुरुआत को सुगम बनाने तथा सप्लाई व्यवस्था को बेहतरीन बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में दिलीप कईबोंत्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एपीसीपीएल ने शिरकत की। इनके अलावा जोयोतोष कुमार डे, महाप्रबंधक, संचालन एवं अनुरक्षण, मोहम्मद निजामुद्दीन महाप्रबंधक संचालन एवं ईंधन प्रबंधन, अतुल अग्रवाल अपर, महाप्रबंधक अनुरक्षण, उमेश कुमार, अपर-महाप्रबंधक मानव संसाधन सहित अन्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर-महाप्रबंधक ईंधन प्रबंधन जसमेर सिंह ने एपीसीपीएल की बायोमास को-फायरिंग को बढ़ावा देने की रणनीति, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और इस दिशा में साझेदारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में एपीसीपीएल ने बायोमास को-फायरिंग के क्षेत्र में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है, जो संस्था की उपलब्धियों व समर्पण को दर्शाता है। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल 28 बायोमास आपूर्तिकर्ताओं के साथ सप्लाई शुरू करने की आवश्यकताएं, प्लांट में बायोमास की प्रक्रिया, अनुबंध से जुड़े मुख्य बिंदु तथा गुणवत्ता से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## नप चेयरमैन ने किया वार्ड नंबर एक में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ


झज्जर। गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड नंबर एक स्थित प्रिया कालोनी के गली निर्माण कार्य का भी नारियल फोड़कर शुभांरभ किया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का लक्ष्य जनसुविधाओं को सुदृढ़ करना है और इसके लिए वे लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए वे प्रतिबद्ध हैं और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर एक स्थित प्रिया कॉलोनी में सड़क निर्माण के बाद लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने आमजन से आहवान करते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए नगर परिषद का सहयोग करें। इस दौरान वार्ड नंबर एक से पार्षद प्रतिनिधि महाबीर गुर्जर, नगर पार्षद जयपाल सिंह बांगड़, पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू छाबड़ा, व्यापार मंडल के जिला प्रधान केशव सिंगल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में मनाया पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का जन्मदिन


झज्जर। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़ के साथ गोशाला परिसर में उपस्थित जेजेपी कार्यकर्ता।

झज्जर। जेजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा जन नायक पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला का जन्मदिवस सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में मनाया गया। प्रवक्ता डॉक्टर विकास पाराशर ने बताया कि इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ गौशाला पहुंच कर गऊओं को हरा चारा, गुड व अनाज खिलाते हुए दुष्यंत सिंह चौटाला की दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष शीला गोदारा, सतबीर, हलका प्रधान मिंटू ठेकेदार, बादली हलका प्रधान कृष्ण सिलाना, नसीब भारतीय, सचिन, हर्षित सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों व विद्यार्थियों को करवाया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी।

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में योग एवं प्राणायाम विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर अजय जून की अध्यक्षता में आयोजित इस व्याख्यान में व्याख्याता के रूप में योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को अष्टांग योग के अलावा देशभक्ति, माता-पिता की सेवा, प्रकृति संरक्षण तथा शिक्षा के महत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे, फास्ट फूड, जंक फूड व सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा विद्यार्थियों को विभिन्न योग एवं प्राणायामों का अभ्यास भी कराया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर अजय जून ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग-प्राणायाम करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग एक विज्ञान है, जो हमें परोपकार, धैर्य, एकाग्रता व स्थिरता का संदेश देता है। इस मौके पर डॉक्टर सीमा कुंडू, डॉक्टर सुनीता, निधि बाई, जितेंद्र सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## जिला कारागार में महिला बंदियों तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर सात को

झज्जर। आगामी सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार परिसर में महिला एवं वरिष्ठ नागरिक बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जेल में बंद महिला एवं बुजुर्ग कैदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक, दंत चिकित्सक, सामान्य चिकित्सक तथा नेत्र विशेषज्ञ सहित अन्य आवश्यक चिकित्सक शामिल होंगे।

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर बांधा समां



झज्जर। गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में आयोजित वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित गंगा ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर सुशील गुप्ता व विशिष्टातिथि के रूप में शामिल भारत गुप्ता ने होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सोलो डांस, ग्रुप डांस, सोलो सांग, नुक्कड़ नाटक सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सोलो डांस में मुस्कान नायक और अनुष्का, सोलो सांग में शेखर सुमन ने दर्शकों का मन मोहा। विद्यार्थियों द्वारा महिला सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी मुख्य आर्कषण का केन्द्र रहा। संध्या प्रस्तुति में प्रदेश के मशहूर गायक अमन का शो आयोजित किया गया। गायक अमन के संगीत कार्यक्रम ने समा बांधा।

## समाधान शिविरों में अभी तक 5789 शिकायतें हुई प्राप्त,161 पेंडिंग



झज्जर। समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

*झज्जर। शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने समाधान शिविरों की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए कहा कि आम जन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के लिए प्रशासन सजग है। अभी तक समाधान शिविरों में कुल शिकायतें 5789 प्राप्त हुई हैं जिनमें केवल 161 पेंडिंग है। उन्होंने कहा कि पेंडिंग शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने समाधान शिविरों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित प्रत्येक शिकायत का समाधान संवेदनशीलता व गंभीरता से करें।*

# बहुद्देशीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

- सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगों के समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारी।

बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारी समिति द्वारा शुक्रवार को एएनएम की समस्याओं के समाधान के लिए सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। समिति पदाधिकारी मनीषा, आशा, राजेश, कंचन, नीलम, मुनेश आदि बताया गया कि जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में एएनएम को कहीं दो माह तो कहीं एक माह के लिए नियुक्त किया जा रहा है जबकि एमडी के पत्रानुसार उनकी ज्वाइंनिंग साल भर देने की है। इसके अलावा कई जगहों पर एएनएम अधिक आबादी क्षेत्र में भी अकेली काम कर रही है। बगैर संसाधानों के एएनएम से ऑनलाइन काम का दबाव बनाया जा रहा है। इनके अलावा अभी तक एएनएम को एलटीसी व वर्दी भत्ता भी नहीं मिला है। उन्होंने सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगों के समाधान की मांग की। इस मौके पर दर्शना, शर्मिला, सोनिया, सुनीता, गायत्री, सुषमा, कुसुम, कविता, रजमिला, अनीता, सीमा, सरिता, मीना, प्रीति, बबीता, सविता, ओमवती सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## एचडी स्कूल के छात्र यशदेव ने किया शूटिंग प्रीमियर लीग के लिए क्वालिफाई


झज्जर। डायरेक्टर रमेश गुलिया व शिक्षकों के साथ उपस्थित खिलाड़ी यशदेव तंवर।

*झज्जर। एचडी स्कूल साल्हावास के छात्र यशदेव तंवर ने स्कूल शूटिंग प्रीमियर लीग के ऑक्शन के लिए क्वालिफाई करके विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शूटिंग कोच सुदेश झांसवा ने बताया कि गाजियाबाद में आयोजित इस प्रतियोगिता में यशदेव तंवर ने अंडर-15 आयुवर्ग में टॉप 25 विद्यार्थियों में ऑल इंडिया स्तर पर चौथी रैंक हासिल की। अब वह अप्रैल के मध्य में होने वाले ऑक्शन खेल में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाएगा। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि मात्र कुछ वर्ष पहले आरंभ हुई विद्यालय की शूटिंग रेंज से हर वर्ष विद्यार्थी राष्ट्र व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र की पहचान बना रहे हैं। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्या प्रीति राठी ने यशदेव के अभिभावकों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।*

### हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

# देवों में देव हजारों हैं, बजरंग बली का क्या कहना..

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में वीरवार रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया। पंडित पवन कौशिक ने कहा कि राम नाम का जाप मन को शांति देता है। हनुमान जी की आराधना से आत्मविश्वास, साहस और सेवा भाव बढ़ता है। समिति सदस्यों ने मिल्क केक काटकर हर्षोल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं रिया चावला, संगीता वर्मा, पूनम छाबड़ा, इंदू भूगड़ा, शशी खत्री ने बजरंगी दया कीजिए चरणों में जगह दीजिए मेरे बाबा दया कीजिए..संतोष हंस ने देवों में देव हजारों है बजरंग बली का क्या कहना..इंदू भूगड़ा ने आज हनुमान जयंती है, ऐसा लगता है सारे संसार मे मस्ती है.. पंडित मीनू शर्मा, राजेंद्र वधवा, ताराचंद भूटानी ने जब जब संकट मेरे सर पर घेरा होता है, मेरे दरवाजे पे हनुमान का पहरा होता है..भगत और भगवान का रिश्ता गहरा होता है..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर समिति के प्रधान नरेंद्र मदान, डॉक्टर शंकर ग्रोवर, पदम खट्टर, वेद बहल पाशु,आशीष चावला, मनीष मेहता, प्रिंस सेठी, ताराचंद भूटानी, गुलशन कटारिया, केवल अरोड़ा, आशा नागपाल, हिमांशी अरोड़ा, भावना काठपालिया, देवराज, जितेंद्र वर्मा, डिंपल वर्मा, वीरेंद्र खुराना, शशी हंस, प्रदीप काठपालिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में साक्षी ने पाया पहला स्थान


झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों के साथ।

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग, इतिहास विभाग एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन इतिहास प्राध्यापक डॉक्टर जगबीर गुलिया और राजनीति विज्ञान प्राध्यापक अशोक कुमार ने किया प्रतियोगिता के विषय 'मजबूत लोकतंत्र की नींव जागरूक मतदाता' तथा 'स्वतंत्रता से लोकतंत्र तक' रहे। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा साक्षी ने पहला, बीए प्रथम वर्ष के चिराग ने दूसरा तथा बीकॉम प्रथम वर्ष की शिवानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर कुलदीप, पंकज कुमार तथा विप्लव शर्मा ने किया।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित आरोपी किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एवीटी सैल ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। नाहरा नाहरी रोड से काबू किए गए आरोपी की पहचान अंकित के रूप में हुई है। उसके पास से अवैध हथियार बरामद हुआ।

### स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का झज्जर दौरा आज

**झज्जर।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव शनिवार सुबह गांव खातीवास में दादा सिराज मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगी। मंत्री दोपहर दो बजे जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी मीटिंग में भाग लेते हुए कार्यकर्ताओं की समस्या सुनेंगी।

# तेज हवा के साथ आई हल्की बारिश ने किसानों और आढ़तियों की बढ़ाई चिंता

**आढ़तियों ने फसल ढकने के लिए बड़े तिरपालों कर रखी है व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर





**झज्जर।** हल्की बारिश के दौरान तिरपाल से गेहूं की फसल को ढकते हुए श्रमिक और हल्की बारिश शुरू होने पर तिरपाल से ढकी की गई गेहूं की फसल।

शुक्रवार सांय तेज हवाओं के साथ हुई हल्की बारिश ने किसानों और आढ़तियों की चिंता को बढ़ा दिया है। बारिश और तेज हवाओं के कारण जहां खेतों में गेहूं की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं अनाज मंडी में रखी गेहूं की फसल भीगने की चिंता भी आढ़तियों और किसानों को सताने लगी है। शुक्रवार सांय हुई हल्की बारिश के दौरान आढ़ती श्रमिकों के साथ तिरपाल लेकर दौड़ पड़े और मंडी परिसर में रखी गेहूं की फसल को तिरपाल से ढकते हुए दिखाई दिए। आढ़तियों का कहना है कि अगर बारिश तेज होती है तो आढ़ती और किसानों दोनों को नुकसान होगा।

**शुक्रवार को कटे 631 किसानों के गेट पास:** शुक्रवार को मंडी में 631 किसानों के गेट पास काटे गए और 36446 क्विंटल की बंपर आवक दर्ज की गई। मंडी सुपरवाइजर रणदीप सिंह ने बताया कि बीती एक अप्रैल से सरकार द्वारा गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू की गई है। फसल लेकर मंडी पहुंच रहे किसानों के सुबह छह बजे से लेकर रात आठ बजे तक गेट पास काटे जा रहे हैं। अभी तक 1043 गेट पास काटे जा चुके हैं तथा गेहूं की 62222 क्विंटल आवक हो चुकी है। खरीद अभी नहीं की जा रही। उधर, दिन भर आसमान में छाए काले बादलों के कारण आढ़तियों व किसानों के चेहरे पर चिंता रही। आढ़तियों द्वारा फसल ढकने के लिए बड़े तिरपालों की व्यवस्था की गई थी। शाम करीब सात बजे जब हल्की बारिश होने लगी तो आनन-फानन में श्रमिकों ने मंडी में लगी अनाज की ढेरियों को ढक दिया।

उधर, बरसात के दौरान बाहरी क्षेत्रों में कई जगह ओलावृष्टि भी हुई है। जानकारी अनुसार रेवाड़ी मार्ग पर दादनपुर गांव के आसपास ओलावृष्टि हुई। जिसके कारण फसलों को नुकसान हुआ है। उधर, बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और हल्की ठंडक का भी अहसास हुआ। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ शनिवार को भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।

### दिनभर बदलता रहा मौसम, लुढ़का पारा

**बहादुरगढ़।** मार्च की तरह अप्रैल माह की शुरुआत में भी मौसम परिवर्तनशील है। शुक्रवार को दिनभर मौसम बदलता रहा। कभी तेज धूप से गर्मी बढ़ी तो कभी आसमान में बादल छाए रहे। इसका असर तापमान पर देखने को मिला। दरअसल, वीरवार को तापमान 36 डिग्री तक पहुंच गया था लेकिन शुक्रवार की सुबह ठंडी हवा चली। आसमान में बादल छाए थे। इसके बाद अचानक तेज धूप खिल आई और फिर दोपहर में बादल छाए। इस तरह से दिनभर मौसम में बार बार बदलाव होता रहा। शाम के वक्त बूंदाबांदी के भी आसार हुए। वीरवार की अपेक्षा शुक्रवार को तापमान दो डिग्री कम रहा। शनिवार को भी इसी तरह का मौसम बने रहने के आसार हैं।

**यातायात पुलिस ने अवैध पार्किंग को लेकर 3 महीनों में 11 हजार से अधिक चालान किए**

# शहर की सड़कों पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण बना राहगीरों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



शहर की मुख्य सड़कों और बाजारों में अवैध पार्किंग के साथ अतिक्रमण की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। हालात ऐसे बन गए हैं कि आम लोगों का सड़क पर चलना भी मुश्किल हो गया है।

यातायात पुलिस द्वारा अवैध पार्किंग को लेकर बीते 3 महीनों में 11 हजार से अधिक चालान किए गए हैं। बावजूद इसके सुबह से लेकर देर शाम तक कई प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और व्यापारियों सभी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानों के सामने खुद की गाड़ियां खड़ी कर लेते हैं। इसके बाद ग्राहकों के वाहन भी वहीं खड़े हो जाते हैं, जिससे सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है। कई जगहों पर तो स्थिति यह है कि वाहन बीच सड़क तक खड़े हो जाते हैं और यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। यही नहीं, बड़ी संख्या में दुकानदार सड़क पर ही अपना सामान फैला देते हैं। इससे न केवल सड़क संकरी हो जाती है, बल्कि पैदल चलने वाले लोगों के लिए भी रास्ता बंद हो जाता है।

मजबूरन राहगीरों को सड़क के बीच से गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। राहगीर उमेद सिंह, कप्तान सिंह, सिद्धार्थ वत्स, मुकेश कुमार आदि का कहना है कि जब अवैध पार्किंग या अतिक्रमण को लेकर दुकानदारों को टोकते हैं, तो उन्हें बदतमीजी और अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ता है। इससे आम लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। ऐसे शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ नियमित रूप से संयुक्त अभियान चलाकर स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि लोगों को जाम और दुर्घटनाओं के खतरे से राहत मिल सके ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**चलाया जाएगा विशेष अभियान**



नगर परिषद के सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा का कहना है कि शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। कई बार दुकानदारों चेतावनी भी दी गई है, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग नियमों का पालन नहीं करते। विशेष अभियान चलाकर सड़कों और बाजारों से अतिक्रमण हटाया जाएगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**लोगों को किया जा रहा जागरूक**



यातायात थाना प्रभारी सतीश कुमार के अनुसार अवैध पार्किंग पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। नो पार्किंग को लेकर बीते 3 महीनों में 11 हजार 34 चालान किए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान करने के साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही वाहन खड़े करें। मुख्य सड़कों पर जहां ज्यादा समस्या है, वहां विशेष ड्राइव चलाकर सख्ती बढ़ाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त रोडवेज कर्मी से पांच लाख रुपये ठगे

**बहादुरगढ़।** इलाके में ठगी के मामले नहीं थम रहे। अब बहादुरगढ़ इलाके में हरियाणा रोडवेज के सेवानिवृत्त कर्मचारी के साथ पांच लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। शातिरों ने इंस्टाग्राम पर पीड़ित से संपर्क किया और रुपये डबल करने का हवाला देकर चपत लगा दी। अशोक सेक्टर-6 थाना क्षेत्र के अधीन लगते एक गांव का निवासी है। मामला कुछ महीनों पुराना है। हालांकि शिकायत के आधार पर अब कार्रवाई शुरू हुई है। पीड़ित की मानें तो गत आठ अक्टूबर को वह इंस्टाग्राम चला रहा था। इसी दौरान किसी शातिर ने उससे संपर्क किया और कहा कि हमारे अनुसार, पैसे लगाओगे तो डबल कर देंगे। आरोपी लगातार बात करता रहा और पीड़ित को झांसे में ले लिया। उससे पांच लाख 23 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। रुपये डबल तो हुए नहीं, जो तो वे भी चले गए। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर भय के कारण अपना इंस्टाग्राम अकाउंट भी डिलीट कर दिया और पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस झज्जर ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की है।

### टास्क के नाम पर युवती से ठगे 11 लाख रुपये

**बहादुरगढ़।** पार्ट टाइम जॉब व टास्क के नाम पर शातिरों ने बहादुरगढ़ की एक युवती को 11 लाख रुपये की चपत लगा दी। जब युवती ने रुपये विड्राल करने चाहे तो उसे ठगी का आभास हुआ। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वारदात विवेकानंद नगर की एक युवती के साथ हुई है। पीड़िता का कहना है कि वह घर पर ही रहती है। गत चार जनवरी को उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने पार्ट टाइम जॉब के लिए कहा तो मैंने हां कर दी। उन्होंने मुझे एक टेलीग्राम आईडी से जोड़ दिया। जो डिटेल मांगी, वे दे दी। फिर लिंक देकर टास्क देते रहे और प्रोफिट दिखाया गया। कुछ समय बाद एक यूपीआई आईडी और मैसेज भेजकर रुपयों की डिमांड की। मैंने अपने व पिताजी के खातों से पांच जनवरी से लेकर 12 जनवरी तक 11 लाख 87 हजार रुपये भेज दिए। जब विड्राल करने लगी तो नहीं हुए। शातिरों से बात की तो उन्होंने और रुपयों की डिमांड की। इसके बाद ठगी का आभास हुआ। फिर 13 जनवरी को ऑनलाइन शिकायत दी। अब साइबर थाना में केस दर्ज हो सका है। उधर, पुलिस का कहना है कि घर बैठे नौकरी मिलने, रुपये डबल होने या प्रोफिट दिलाने संबंधित कॉल करने वाले अज्ञात लोगों पर भरोसा न करें। जागरूक रहें।

### प्रोफिट के नाम पर साढ़े 37 लाख की धोखाधड़ी

**बहादुरगढ़।** गांव खरहर के निवासी एक युवक के साथ ठगी की बड़ी वारदात हुई है। शातिरों ने इंटरनेट मीडिया पर महिला बनकर पीड़ित को चंबुल में फंसाया और प्रोफिट के नाम पर मोटी चपत लगा दी। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। पीड़ित का कहना है कि उसका पुराने दरवाजे-खिड़की आदि का कारोबार है। गत दिसंबर माह में उसके पास फेसबुक पर प्रियंका कौर नाम की आईडी से रिक्वेस्ट आई और मैसेंजर के जरिये बात की। फिर उसने अपने व्हाट्सएप नंबर दिए, जिनके जरिये बातचीत चालू रही। कथित महिला प्रियंका ने बताया कि उसका रियल एस्टेट व कपड़ों का कारोबार है। पार्ट टाइम ट्रेडिंग भी करती है। उसने मुझे झांसे में लिया और मेरी एक वेबसाइट पर आईडी बनवाई। शुरुआत में 9100 रुपये लगवाए और बदले में प्रोफिट सहित 11 हजार 100 रुपये वापस दिए। फिर व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल कर एक कांट्रेक्ट साइन कराया। इसके बाद 18 हजार 200 लगवाए तो बड़ा प्रोफिट दिखाया। प्रोफिट सहित और रुपये अगली ट्रेड में लगवाने के लिए बोले तो मैंने विश्वास कर अपने व चाचा के लड़के के खाते से 37 लाख, 40 हजार, 792 रुपये डाल दिए। जिसके बाद बेहद प्रोफिट दिखाया। विड्राल करने लगा तो एक भी पैसा नहीं निकला। आरोपियों ने भी बात करनी बंद कर दी। प्रियंका नाम की आईडी और व्हाट्सएप नंबर बंद हो गए। इसके बाद ठगी का आभास हुआ। वहीं, साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।


### आशानंद धाम में दानपात्र का ताला तोड़कर चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव दुल्हेड़ा स्थित आशानंद धाम में चोरी की वारदात हो गई। मंदिर परिसर में मौजूद दान पात्र का ताला तोड़कर करीब एक लाख रुपये की राशि पर हाथ साफ किया गया है। इस वारदात से ग्रामीणों की भावनाएं आहत हैं। पुलिस को दी शिकायत में महावीर नाथ ने कहा है कि वे बीते करीब 12 साल से यहां धाम में रहते हैं। धाम परिसर अलग अलग स्थानों पर कुछ दानपात्र हैं। अपनी श्रद्धा अनुसार लोग इनमें दान राशि डाल देते हैं। साल में एक बार इन दान पात्रों को खोला जाता है। हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा लगाने के लिए 29 मार्च को दान पात्र खोलने लगे तो एक दानपात्र का ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर वह खाली मिला। तकरीबन एक लाख रुपये की दानराशि चोरी हुई है। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज चेक की तो सामने आया कि 25 मार्च की रात को एक अज्ञात शख्स चोरी करता नजर आया। इसके बाद भंडारे आदि कार्यक्रम के लिए हम व्यस्त हो गए। अपने स्तर पर जांच की लेकिन चोर का कुछ पता नहीं चला। उधर, बादली थाना पुलिस ने महंत की शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# किसानों को पर्याप्त उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करेगी सरकार: नेताम

- डूसू अध्यक्ष आर्यन मान के घर पहुंचे छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** मंत्री रामविचार नेताम का स्वागत करते अशोक मान व आर्यन मान। फोटो: हरिभूमि

छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष आर्यन मान के बहादुरगढ़ स्थित घर पहुंचे। मंत्री ने बताया कि वीरवार को व्यस्तताओं के कारण वे श्री हनुमान जन्मोत्सव पर लोवा कलां सिद्दीपुर में मान परिवार द्वारा आयोजित 64वें देशव्यापी देशी घी के भंडारे में नहीं आ पाए थे। यहां लोवा-सतरह पंचायत के अध्यक्ष अशोक मान व पूर्व सरपंच सिकंदर मान ने उनका स्वागत किया।

पत्रकारों से बातचीत में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे अमेरिका–इजराइल और ईरान के बीच तनाव के कारण आयातित उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के बीच सरकार किसानों को उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन में भाजपा सरकार ने खरीफ सीजन 2026 के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाए हैं। नेताम ने कहा कि किसानों को वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ का अध्यक्ष बनने के बाद आर्यन मान का राजनीति में भविष्य उज्ज्वल है। इस दौरान उन्होंने स्व. श्रीचंद मान और स्व. वेदवती जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सड़क किनारे खड़े कैंटर से टकराई मोटरसाइकिल, युवक की मौत



**बहादुरगढ़।** रोहतक दिल्ली रोड पर ताल नगर के निकट शुक्रवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक कैंटर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए कार्रवाई शुरू करा दी है। इस संबंध में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। दीपक गांव भापड़ोदा का रहने वाला था और खेती बाड़ी करता था। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह वह बाइक पर सवार होकर बहादुरगढ़ अपने गांव की ओर जा रहा था। जब रोहतक रोड पर ताल नगर के निकट पहुंचा तो सड़क किनारे खड़े कैंटर से टक्कर हो गई। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। अस्पताल में लेकर पहुंचे तो मौत की पुष्टि कर दी गई। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वहीं, परिजन भी अस्पताल की ओर दौड़े। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने दोपहर बाद पोस्टमार्टम के लिए कार्रवाई शुरू कराई। हादसे के लिए कैंटर चालक को जिम्मेदार ठहराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### गांव सिलाना में कार की टक्कर से ईंट सप्लायर की मौत



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सिलाना में कार की टक्कर से ईंट सप्लायर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिलाना गांव निवासी करीब 38 वर्षीय हरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश के तौर पर हुई है। यह हादसा वीरवार की रात करीब ग्यारह बजे हुआ। पुलिस को दी शिकायत में मृतक की पत्नी ने बताया कि उसका पति हरेंद्र ईंटे सप्लाई का काम करता है। वह वीरवार की शाम भी काम पर गया था। रात करीब ग्यारह बजे उसने अपना ट्रैक्टर गांव के धर्मकांटे पर खड़ा किया और सामने होटल पर खाना चला गया। इसके उपरांत जब वह खाना खाने के बाद पैदल सड़क पार कर रहा था तो एक रेवाड़ी की ओर से आती हुई एक तेज रफ्तार कार ने उसके पति को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसके पति के मौके पर ही दम तोड़ दिया। पीड़िता के अनुसार इस दौरान होटल पर उसका जेठ भूप सिंह भी उपस्थित था जो हरेंद्र को संभालने पहुंचा, उसी ने गाड़ी का नंबर भी नोट किया। इसके उपरांत वे उसे गंभीर हालत में स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता द्वारा गाड़ी चालक व गाड़ी के नंबर से भी अवगत कराया गया है। मामले के जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी की शिकायत पर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# शिशु तस्कर गिरोह की जड़ों तक पहुंचने के लिए पंजाब में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- सरगना सहित पूरे गिरोह तथा कई अन्य केसों के बारे में अहम सुराग मिले
- बच्चे सहित पकड़े गए तीनों आरोपियों की निशानदेही कराई जा रही

शिशु तस्कर गिरोह पर पूरी तरह से शिंकजा कसने के लिए पंजाब के विभिन्न ठिकानों पर पुलिस की रेड लगातार जारी है। पुलिस की मानें तो, सरगना सहित पूरे गिरोह तथा कई अन्य केसों के बारे में अहम सुराग मिले हैं। आगामी दिनों में इस मामले में कई खुलासों की संभावना है। मानवता को रौंदने वाले इस जघन्य कांड को अंजाम देने वाले गिरोह की जड़ों तक पहुंचने के लिए पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। खुद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बच्चे सहित पकड़े गए तीनों आरोपियों की निशानदेही कराई जा रही है। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं। जल्द ही पुलिस द्वारा पूरे मामले के खुलासा करने की संभावना है। बता दें कि गत मंगलवार की रात को स्थानीय पुलिस ने सेक्टर 9 मोड़ के पास शिशु तस्कर गिरोह के तीन सदस्य काबू किए थे। हालांकि अन्य गाड़ी में सवार सरगना मौके से भाग गया था। पकड़े गए आरोपियों से तीन दिन का मासूम भी बरामद किया गया, जिसे वे पंजाब से दिल्ली बेचने जा रहे थे।

**मांगें पूरी न होने पर जिला मुख्यालयों पर किया जाएगा प्रदर्शन**

# मांगों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

- धरने की अध्यक्षता प्रधान दिलबाग दलाल ने की जबकि संचालन जिला सचिव देवेंद्र सिंह यादव ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



**झज्जर।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को अपनी लंबित मांगों के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी लघु सचिवालय स्थित पार्क में इक्ट्ठा हुए। धरने की अध्यक्षता प्रधान दिलबाग दलाल ने की जबकि संचालन जिला सचिव देवेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सीनियर सिटीजन के लिए बसों में आधा किराया माफ किया हुआ है लेकिन प्राइवेट बस वाले मनमानी करते हैं और पूरा किराया वसूलते हैं। कई बार तो वे वरिष्ठ नागरिकों को बस से नीचे भी उतार देते हैं सरकार द्वारा इसका संज्ञान लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए। इसके अलावा उनकी मुख्य मांगों में कैशलेस मेडिकल सुविधा, मूल वेतन में 65 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु पर 20 प्रतिशत की वृद्धि, कम्यूटेशन की राशि 15 साल की बजाय 11 साल तक काटी जाए, कर्मचारियों की विधवाओं को एलटीसी दी जाए, 18 महीने का बकाया डीए, पेंशन वित्त विधेयक 2025 व एलटीसी के नए नियमों को वापिस लेना व आठवां वेतन आयोग पहले की तरह से रिटायर कर्मचारी को दिया जाना शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार समय रहते उनकी मांगें पूरी नहीं करती है तो वे आगामी 21 अप्रैल को देशभर के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे। इसके उपरांत उन्होंने लंबित मांगों के संबंध में एसडीएम रवि कुमार मीणा के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर मास्टर बलबीर सिंह, धर्मपाल अहलावत, वीरभान राठी, ओमप्रकाश, मास्टर फूलकंवार, मास्टर रमेश जाखड़, रणवीर दलाल, राजवीर राहड़, विष्णु दत्त जांगड़ा, राजेंद्र सिंह दलाल, रणवीर अहलावत, भूरेराम, कमल सिंह, रोहतस सिंह, राजेंद्र सिंह जांगड़ा, राजेंद्र प्रसाद, धर्मपाल, अतर सिंह, दलीप सिंह रावत, महावीर सिंह, रमेश कुमार फोगाट, मुकेश शर्म आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, मामला दर्ज

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली रोड पर पुराना बस अड्डे के निकट सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मृतक की पहचान करीब 36 वर्षीय गौतम कुमार के रूप में हुई है। लाइनपार के शास्त्री नगर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात को वह दिल्ली-रोहतक से गुजर रहा था। जब पुराने बस अड्डे के निकट पहुंचा तो किसी वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में गंभीर चोट आई। नागरिक अस्पताल में लेकर गए तो पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। वहां पीजीआई में उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। गौतम की पत्नी पूर्णिमा के बयान पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज किया है।